दिनांक 07.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिलें इस हेतु श्रम शक्ति कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ऐसे हितग्राही जिन्हे अभी तक प्रधानमंत्री उज्जवला, संगठित/असंगठित कर्मकार योजना, दिव्यांगों का यूडीआईडी, का लाभ नहीं मिला है वे इस शिविर में आवेदन कर शासन की योजनाओं का लाभ उठायें।

उक्त उद्गार छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने निगम द्वारा बीआरपी चौक स्टेशन मरोदा तथा शासकीय पूर्व मा. शाला रुआबांधा में लगाये गये शिविर में उपस्थित होकर नागरिकों के बीच व्यक्त किये। मंत्री श्रीमती साहू ने आगे कहा कि यह शिविर विशेष कर ऐसे कामगार जो पुरे दिन काम में लगे रहते हैं और उन्हे पात्र होते हुए भी योजना का लाभ नहीं मिल पाता उनके लिए श्रमिक बाहूल्य क्षेत्रों के आसपास लगाया गया है। ताकि अधिक से अधिक हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होने शिविर में उपस्थित हितग्राहियों से कहा कि अगर आपके आसपास के लोगों को इस शिविर की जानकारी नहीं है तो उन्हे शिविर स्थल तक लाकर विशेष रुप से दिव्यांग हितग्राहियों की मदद कर उन्हे योजना का लाभ दिलवायें इसे सुनहरा अवसर समझें।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने मंत्री के पुछे जाने पर जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही के आवेदन शिविर में जमा हो इसके लिए निगम द्वारा रिक्शा तथा प्रचार रथ के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी मुनादी कराकर दी जा रही है। श्री चौहान ने मंत्री को शिविर में अबतक जमा किये गये अलग–अलग योजनाओं के आवेदनों की जानकारी विषयवार दिये। रुआबांधा स्कूल में लगाये गये शिविर स्थल पर मंत्री ने अधिक समय तक बैठकर आवेदन जमा करने आने वाली महिलाओं से पुछा कि शिविर में जो हमारे अधिकारी, कर्मचारी बैठे हैं वे आप लोगों को सहीं जानकारी आवेदन कैसे भरना है बता रहें है कि नहीं। महिलाओं ने एक स्वर में निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे सहयोग की प्रशंसा किये जिसपर मंत्री ने संतोष प्रकट किया। बीआरपी चौक पर मंत्री को अपने बीच पाकर कुछ महिलाओं ने नाली निर्माण में बाधा बन रहे एक मकान के दीवार की शिकायत की जिसपर आयुक्त श्री चौहान ने जोन–06 के अभियंता एवं सहायक राजस्व अधिकारी को तत्काल शिकायतकर्ता के साथ स्थल पर भेजकर जानकारी मंगाई और नाली निर्माण में बाधक बन रहे व्यक्ति को बुलवाकर दो दिवस के अंदर अपने निर्माण को स्वयं हटा लेने की हिदायत दी।

श्रम शक्ति कल्याण शिविर के तृतीय दिवस कुल 2110 विभिन्न योजनाओं के आवेदन शिविर में प्राप्त किये गये हैं। कामकाजी पुरुष एवं महिलाओं जिन्हे रविवार को काम से छुट्‌टी मिलती है उनकी सुविधा के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान ने रविवार 8 अप्रैल को भी शिविर लगाये जाने के आदेश दिये हैं। मंत्री के भ्रमण के दौरान पार्षद रंगबहादुर, आयुक्त के0एल0 चौहान, जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, अभियंता हिमांशु, प्रकृति जगताप, डिलेश्वरी, गोपाल सिन्हा, रामायण सिंह, पुनीत बंजारे सहित क्षेत्र के नागरिकगण एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग